

श्रीमती शालिनी सिंह
उपसभापति
इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी
गौतम बुद्ध नगर

शुभकामना संदेश

मुझे अत्यंत हर्ष एवं गर्व की अनुभूति हो रही है कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उत्तर प्रदेश द्वारा अपने मानवीय एवं जनसेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।

रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता, सेवा, करुणा और सहयोग की भावना का प्रतीक है। आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में राहत कार्य, रक्तदान एवं रक्त उपलब्धता, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता तथा जरूरतमंद एवं वंचित लोगों की सहायता जैसे कार्य समाज के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मेरा विश्वास है कि यह पत्रिका इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों, उपलब्धियों और सामाजिक सरोकारों को व्यापक समाज तक पहुँचाने के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगों को सेवा एवं स्वयंसेवा के लिए प्रेरित करेगी।

मैं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को इस पुनीत प्रयास के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करती हूँ। ईश्वर से मेरी कामना है कि संस्था निरंतर प्रगति करे और मानवता की सेवा के अपने संकल्प को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाए।

इस पत्रिका के सफल प्रकाशन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।



उपसभापति